वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चलविश्वविद्यालय, जौनपुर (उ0प्र0)

NAAC A + Grade

प्रेषक,

कुलसचिव,
वीरबहादुर सिंह पूर्वान्चल वि0वि0,
जौनपुर

बेवसाइट : www.vbspu.ac.in
ई–मेल :connectpuregistrar@gmail.com
दूरभाष : 05452–252244

पत्रांक : 6127/शैक्षणिक अनुभाग/2024 दिनांक : 04-09-2024

अधिसूचना

एतद् द्वारा सर्व सम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि श्री राज्यपाल सचिवालय, उत्तरप्रदेश, लखनऊ के पत्र संख्या– ई–5157/20– जी0एस0/2021–III(Con), दिनांक 09 जुलाई, 2024 द्वारा विश्वविद्यालय के 28वाँ दीक्षान्त समारोह दिनांक 18.09.2024 (बुधवार) निर्धारित था कतिपय कारणों से राज्यपाल सचिवालय के पत्र संख्या– 6451/20–जी0एस0/2021–III(Con) दिनांक 27.08.2024 द्वारा दिनांक 22.09.2024 हेतु सहर्ष स्वीकृति प्रदान की गयी है। उक्त के क्रम में **दिनांक 22.09.2024 दिन (रविवार) को आयोजित वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर के 28वें दीक्षान्त समारोह के अवसर पर आपको शोध–उपाधि प्रदान की जानी है।** अतएव् आप दिनांक 21.09.2024 को पूर्वान्ह 10.00 बजे से अपरान्ह 02.00 बजे तक विश्वविद्यालय परिसर स्थित प्रशासनिक भवन के काउन्टर पर उपस्थित होकर उत्तरीय एवं उपाधि प्राप्त कर लें। ज्ञातव्य है कि दीक्षान्त समारोह का पूर्वाभ्यास दिनांक 21.09.2024 को अपरान्ह 12.30 बजे से विश्वविद्यालय के महन्थ अवैद्य नाथ संगोष्ठी भवन में निर्धारित है। अतएव दिनांक 21.09.2024 को अपरान्ह 12.30 बजे होने वाले दीक्षान्त समारोह के पूर्वाभ्यास एवं दीक्षान्त समारोह में सम्मिलित होना सुनिश्चित करें। उत्तरीय शुल्क रू0 50/– एवं शोध उपाधि शुल्क रू0 200/– तथा जमानत धनराशि रू0 500/–कुल रू0 750/–मात्र विश्वविद्यालय के लेखा विभाग में जमा करना होगा। जमानत धनराशि दिनांक 22.09.2024 को समारोह सम्पन्न हो जाने के उपरान्त उत्तरीय वापस करते समय लौटा दी जायेगी। **दिनांक 22.09.2024 को समारोह स्थल पर पूर्वान्ह 9.00 बजे तक** अपना स्थान अवश्य ग्रहण करलें। समारोह स्थल पर पेन, बैग, कैमरा, मोबाईल, अस्त्र–शस्त्र एवं अन्य उपकरण आदि ले जाना प्रतिबन्धित है। दीक्षान्त समारोह में आने–जाने के लिये किसी प्रकार का यात्रा–भत्ता देय नहीं होगा। दीक्षान्त समारोह में विभिन्न संकायों में प्रदान की जाने वाली उपाधिधारकों की सूची संलग्न है।

नोट :–1. ड्रेस कोड–इस पावन अवसर पर छात्राओं हेतु सफेद सलवार, सफेद दुपट्टा, हल्के रंग का कुर्ता, हल्के रंग की साड़ी (जींस टाप नहीं पहनना है), छात्रों हेतु सफेद या किसी हल्के रंग की पूरी वांह की शर्ट, पैन्ट–नेवी ब्ल्यू/ ब्राउन (जींस एवं टी–शर्ट एवं भड़काऊ कपड़े नहीं पहनने है)।

भवदीय

कुलसचिव

प्रतिलिपि–

1. वित्त अधिकारी जी को सूचनार्थ।
2. समस्त प्राचार्य/विभागाध्यक्ष/शोध निर्देशक को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्त परिवर्तित तिथि को अपने स्तर से भी छात्रों को अवगत करायें।
3. चीफ वार्डेन एवं चीफ प्राक्टर को इस आशय से कि दीक्षान्त समारोह में भाग लेने आये छात्र/छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को आवश्यकतानुसार ठहरने आदि की व्यवस्था भी सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।
4. निजी सचिव कुलपति, मा0 कुलपति महोदया के सूचनार्थ।
5. अधीक्षक उपाधि को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
6. समस्त उपाधि धारकों को सूचनार्थ।
7. प्रभारी, वि0वि0 बेवसाइट को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उक्त सूचना वि0वि0 की बेवसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।

कुलसचिव